हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 नैला में चला डोजर, सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



स्थापना वर्ष 2014

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION

* COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर

सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725

पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़) जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

COURSES

BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years

DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years

DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years

CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

प्रवेश प्रारंभ

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट

प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा कराने के लिए किसान 31 तक आवेदन

सक्ती। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की के लिए 31 जुलाई तक किसान आवेदन कर सकते है। इसके लिये राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा उड़द और मूंगफली फसल के राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है।

कोसीर में डायरिया, दो दर्जन पामगढ़ में भर्ती व तीन जिला अस्पताल रेफर

# तीन मौत के बाद जागा प्रशासन सरकारी अमले ने गांव में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

पामगढ़ ब्लाक के ग्राम कोसीर में फैले डायरिया से 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की जान जाने के बाद जिले का प्रशासनिक अमला कुंभकर्णीय निंद्रा से जागा। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में जिले के अधिकारी गांव पहुंचे। जहां शिविर में चल रहे इलाज का जायजा लिया और स्थिति देखकर पीड़ितों को उपचार के लिए पामगढ़ व जिला अस्पताल भेजा गया। वर्तमान में यहां के दो दर्जन डायरिया पीड़ित पामगढ़ अस्पताल में भर्ती है और तीन लोगों को इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

कोसीर में कुछ दिनों से डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है। यहां अब तक 100 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके है। जिनमें से 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन का अमला नींद से जागा। डॉक्टरों के साथ अफसरों की टीम बुधवार 17 जुलाई को गांव पहुंची। इस दौरान मैदानी अमले द्वारा लगाए गए शिविर में पीड़ितों का उपचार किया गया। स्थिति देखकर पामगढ़ व जिला अस्पताल भी रेफर किए गए। तीसरे दिन गुरूवार 18 जुलाई को एसडीएम, तहसीलदार के साथ राजस्व अमला पहुंचा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर का जायजा लिया। इधर घर घर दवा बांटने का काम भी चल रहा है। बताया जाता है कि गांव के शिविर में एक मात्र पीड़ित को रखा गया है, जबकि 24 मरीजों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ में और 3 मरीजों का उपचार जिला अस्पताल जांजगीर में चल रहा है।

## डॉक्टर के साथ 5 सदस्यीय टीम 3 शिफ्ट में कर रही ड्यूटी



घर घर जाकर सर्वे करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

बीएमओ डॉ. सौरभ यादव ने बताया कि डॉक्टर के साथ पांच सदस्यीय टीम तीन शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी कर रही है। स्थिति नियंत्रण में है।

# देहात से भी बदतर हुई जिला मुख्यालय की बिजली सप्लाई

## रात भर ब्लैक आउट रहा शहर सहित अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला मुख्यालय जांजगीर की बिजली सप्लाई व्यवस्था गांव-देहात से भी बदतर हो गई है। चरमराई व्यवस्था का आलम यह है बारिश शुरू होते ही गुल हुई बिजली के दर्शन बारिश थमने के घंटों बाद भी नहीं होते। बीती रात को जांजगीर शहर सहित आसपास के गांवों में भी सप्लाई बंद रही। रात में गुल हुई बिजली के दर्शन सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में हुए।

वैसे तो शहरवासी गर्मी के दिनों से अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझते आ रहे है, तब मई, जून के महीने में बारिश पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल होना बताया जाता, लेकिन जिम्मेदार अमले ने ना जाने किस तरह मेंटेनेंस का कार्य किया, जो कि बारिश शुरू होते ही जगह जगह फाल्ट आने और बिजली सप्लाई घंटों बाधित रहने की समस्या शुरू हो गई है। बुधवार 17 जुलाई की शाम मौसम का मिजाज बदला। गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इतने में शहर सहित पूरे अंचल की बिजली सप्लाई बंद हो गई। रात करीब 8 बजे से बिजली के जो नखरे शुरू हुए,वह रूक-रूककर जारी रहा। इसके बाद रात्रि 10 बजे से बिजली सप्लाई बंद रही। वह तड़के 4 बजे ले देकर बहाल हो सकी। उस पर भी शहर के कई इलाके में बिजली बहाल नहीं हो सकी थी। ग्रामीण एरिया में तो बिजली व्यवस्था दुरूस्त होने में 12 बजे तक का समय लग गया। इधर रात भर बिजली व्यवस्था बंद होने से शहरवासी उमस भरी गर्मी व मच्छर से हलाकान होते रहे।

### लाईटिनिंग से परेशानी

भारी बारिश और लाईटनिंग के कारण परेशानी आई थी। हालांकि रात डेढ़ बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर ली गई थी। इसके बाद बनारी में पॉवर ट्रांसफार्मर ट्रिप होने के कारण बिजली गुल हो गई। रात साढ़े 3 बजे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर ली गई।

-सौरभ कश्यप
जेई, विद्युत मंडल

SHREE SHIVAM

Super 3 DAYS SALE

तोड़ फोड़

www.shreeshivam.com

Unlimited Shopping Unlimited Offers

19, 20 & 21 JULY

Tod Fod Sale will Continue till 5th August.

GET EXCLUSIVE OFFERS ON

SAREES LEHENGA

KURTIS SHERWANI

EVENING GOWN DRESS MATERIAL

COAT SUIT

KIDS WEARS

FLAT 50% OFF

FORCE | GINI & JONY | KIDS WEARS | Levi's | Little Kangaroos

SHLOK | MUFTI | ROOKIES | NAUTICA

MONTE CARLO | PONTIAC | WHITE HANGER | spykar

BUY 2 50% OFF

GAS | IZOD | KAZO | UNITED COLORS OF BENETTON

JACK & JONES | KILLER | SELECTED | VERO MODA

W | aurelia

UPTO 40% OFF

CK | LP LOUIS PHILIPPE | VAN HEUSEN

UPTO 50% OFF

TOMMY HILFIGER | CRIMSOUNE CLUB

SWEET DREAMS | CAMLA | madame | PUMA

JACK & JONES Jr. | RARE RABBIT | BLACKBERRYS | TWENTY DRESS

BUY 2 GET 2 FREE

U.S. POLO ASSN. | ARROW | ColorPlus

PARK AVENUE | LINEN CLUB | parx

AND MANY MORE

T&C apply

SHREE SHIVAM

THE TOGETHERNESS STORE

MEN | WOMEN | KIDS WEAR

BHOPAL | CHHINDWARA | JABALPUR | NAGPUR

Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri | Durg: Santra Badi, Station Road

Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road, In Front Of Raghuraj Singh Stadium

Follow us on shreeshivamclothing 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप



### नशीली ड्रग्स के उपयोग ना करने विद्यार्थीयों ने ली शपथ

**कोरबा।** एम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा के सभागार में नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार विद्यालय में नशीली ड्रग्स के उपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया ने नशीली ड्रग्स के दुष्प्रभावों और उनके समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने छात्रों को ड्रग्स से दूर रहने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करने की सलाह दी। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने नशीली ड्रग्स का उपयोग न करने की प्रतिज्ञा ली। प्रतिज्ञा में यह संकल्प लिया गया कि वे न केवल स्वयं नशीली पदार्थों से दूर रहेंगे बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे। नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लोकचंद सोनटके के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों में नशीली ड्रग्स के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया और उन्हें एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### हनुमानगढ़ी में अनुष्ठान जुटे श्रद्धालु

**कोरबा।** चकचकवा पहाड़ी हनुमानगढ़ी स्थित प्राचीन मंदिर में मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक अनुष्ठान नई पहचान बना रहा है। गत संध्या यहां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। उन्होंने महाआरती भी की। प्रकृति की सुरम्य वादियों में स्थित हनुमानगढ़ी काफी समय से लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता रहा है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा पिछले वर्षों में काफी सजाया व संवारा गया है। बताया जाता है कि हिन्दू त्योहारों के साथ-साथ पूरे सावन के महीने यहां अनेक कार्यक्रम संपन्न किये जाएंगे।

### कापूपहरी में किया गया पौधारोपण



**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश के निर्देशन पर नारी शक्ति से जल शक्ति एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधारोपण कापूपहरी में किया गया। जहाँ नारी शक्ति से जल शक्ति के बारे में बताया पानी की आवश्यकता सभी को है बिना पानी के कोई काम नहीं हो सकता। पानी के लिए पेड़ की आवश्यकता है पेड़ पानी को अपनी ओर खींच कर वर्षा कराते हैं पानी को तालाब हो या गड्ढा खोदकर एकत्रित करना चाहिए। पेड़ों से आक्सीजन जीवन के लिए मिलती है पेड़ नहीं रहेगा तो जीवन असंभव है। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे विस्तृत जानकारी दी गई और पोषण वाटिका प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पंच शिक्षकों के अलावा परियोजना अधिकारी करतला श्रीमती रागनी बैस, परियोजना अधिकारी बरपाली श्रीमती रमोला रानी राय, पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं महतारी वंदन के हितग्राहियों किशोरी बालिका एवं ग्रामीण जन उपस्थिति रहकर कार्यक्रम को सफल बनाते हुए एक पेड़ माँ के नाम के अलावा सात पेड़ का वितरण किया गया।

### उपभोक्ताओं ने दफ्तर घेराव की दी चेतावनी

**कोरबा।** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली बिल की राशि में अनावयक रूप से बढोत्तरी की गई है। जिसकी वजह से प्रायः सभी उपभोक्ता परेशान हो रहे है। युवा कांग्रेसियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे आवश्यक कार्य जो बिजली से सम्बधित है वह नहीं हो पा रहा है। यह हाल शहरी क्षेत्र का है, इससे भी बदतर ग्रामीण क्षेत्र का है जहां कई महीनों तक बिजली गुल रहती है बिजली विभाग द्वारा गरीब जनता के बिजली बिल में बढ़ोत्तरी कर के भेजा जा रहा है उसे तत्काल बन्द करे एवं नये अधिकारी व कर्मचारी का तत्काल चयन करे। सभी गरीब जनता व उपभोक्ता की समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। बिजली बिल में गड़बड़ी रहने पर अधिकारी द्वारा सुधार किया जाए और उपभोक्ताओं को गलत बात करके पूरा बिल का भुगतान करने के लिए अधिकारियों द्वारा बोला जाता है जो कि गलत है।

# कोरबा-बिलासपुर के मध्य फिर रद्द हुई पैसेंजर

## यात्रियों को हो रही गाड़ियों के रद्द होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के रेलवे स्टेशन से बिलासपुर रायपुर की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियां एक बार फिर रद्द की जा रही है। इसके पूर्व 16 जुलाई तक पैसेंजर ट्रेनें अकलतरा स्टेशन के समीप इंटरलॉकिंग का कार्य होने के कारण स्थगित की गई थी। 19 जुलाई से दोबारा एक बार फिर कोरबा से बिलासपुर, रायपुर की यात्री गाड़ियां कैंसल की जा रही है। इस बार चांपा, सारागांव रोड में ओव्हर ब्रिज के गार्डन लांचिंग के लिए ट्रॉफी कम करने पॉवर ब्लॉक का कार्य किया जाएगा।

अलग खबर

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा एवं सारागांव रोड़ में चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन नेशनल हाइवे में रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लांचिंग कार्य हेतु 5 दिन ट्राफिक कम पावर ब्लाक लेकर कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़यिों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी। रद्द होने वाली गाडियों में 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू स्पेशल रद्द रहेगी, 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

**खास बात**

- चांपा एवं सारागांव रोड में ओवरब्रिज के गर्डर लांचिंग के लिए ट्रैफिक कम पॉवर ब्लाक लेकर किया जाएगा कार्य



## 5 हजार क्यूसेक उसे पानी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में

# पानी के लिए किसानों की आने लगी डिमांड बांगो बांध के हाइड़ल की रफ्तार हुई 40 घंटे



बांगो बांध में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस बार बरसात के शुरुआती दिनों में कुछ दिन बारिश तो अच्छी हुई लेकिन अब बारिश थम सा गया है जिसके चलते खेती किसानी का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। खेतों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 27 घंटे से बढ़कर 40 घंटे कर दी गई है। आने वाले दिनों में यदि ऐसा ही हाल रहा तो हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी ताकि किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिल सके।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध जो कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती के किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसी बांध के पानी से खेती का काम व बड़े-बड़े उद्योग संयंत्र संचालित होते हैं। इन दिनों बारिश ने दगा दे दिया है और लंबे समय से बारिश नहीं हो रही है। जिसके चलते किसानों द्वारा लगातार खेती किसानी के लिए पानी की डिमांड की जा रही है। बताया जाता है कि पिछले दिनों किसानों की डिमांड पर बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 27 घंटे संचालित किया जा रहा था लेकिन इससे खेतों की प्यास नहीं बुझ रही थी और किसानों द्वारा पानी की रफ्तार और तेज करने की डिमांड आला अफसरों से की गई थी जिसके बाद जल संसाधन विभाग के अफसरों द्वारा बुधवार से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 27 घंटे से बढ़कर 40 घंटे कर दी गई है। बताया जाता है कि 40 घंटे हाइडल के चलने से लगभग 5 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के माध्यम से किसानों को दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जा रही है।

### बाई तट में 3 हजार तो दाएं तट में 1817 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांगो बांध के हाइडल प्लांट से पानी छोड़े जाने के बाद यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है जिसके उपरांत किसानों को पानी देने के लिए दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। बताया जाता है कि बुधवार को बांये तट नहर में 3 हजार क्यूसेक पानी और दाएं तट नहर में 1817 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है ताकि किसानों को खेती किसानी के लिए भरपूर पानी मिल सके। बताया जाता है कि एक या दो दिनों के भीतर नहर में पानी की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी।

### बांगो बांध में मात्र 44 फ़ीसदी है पानी

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.6 मीटर है। बुधवार की स्थिति में बांगो बांध में 348.58 मीटर पानी भरा हुआ है जो कुल जलभराव क्षमता का मात्र 44.27 फ़ीसदी है। इस साल गर्मी के दिनों में लगातार हाइडल प्लांट को चलाकर किसानों को निस्तारी के लिए पानी दिया गया था जिसके चलते बांगो बांध का लेवल लगभग 40 फ़ीसदी तक पहुंच गया था। अब पहली बारिश के साथ बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश हो रही है जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 4 फीसदी बढ़कर 44 फीसदी जा पहुंचा है लेकिन अभी भी वाटर लेवल बहुत कम है। आने वाले दिनों में अब जल संसाधन विभाग को बारिश का इंतजार है ताकि बांगो बांध लबालब हो जाए और पूरे साल भर किसानी और निस्तारी के साथ-साथ संयंत्र को भी पानी मिल सके।

# हल्की बारिश से निखरा वॉटरफॉल का रूप



नकिया वॉटर फाल का आकर्षक दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घने वनों से आच्छादित जिले को प्रकृति ने बड़े ही खूबसूरत तरीके से सजाया है। जिले में कई छोटे बड़े झरने हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इनमें से एक है नकिया वॉटरफॉल। वैसे तो यह 12 महीने बहने वाला झरना है लेकिन बरसात में इसकी खूबसूरती पर चार चांद लग जाते हैं। लोग इसका नजरा देखने पहुंच रहे हैं। इन दिनों नकिया वॉटरफॉल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रानी झरिया के बाद नकिया के जल प्रपात को लोग पसंद कर रहे है। छुट्टी के दिन यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यहां पहले हाइडल प्लांट भी लगा था वह अब बंद हो गया है। नकिया को भी पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। ठंड के दिनों में पिकनिक मनाने और घूमने यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। वहीं अब बरसात के दिनों में इसकी खूबसूरती पर चार चांद लगने से यह अपनी और आकर्षित कर रहा है।

## तीन नाबालिगों से चोरी का मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**कोरबा।** बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह को मुखबीर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र के कुछ नाबालिग युवकों द्वारा चोरी का मोबाइल इस्तेमाल किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों नाबालिग युवकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी की गई एक नग चोरी का मोबाइल जप्त किया है। बताया जाता है कि युवकों ने पिछले दिनों मोबाइल को चोरी की थी। पुलिस ने इस मामले में धारा धारा - 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था।

# कलेक्टर ने कन्या आश्रम देवपहरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर ने विकासखण्ड के देवपहरी ग्राम में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्राथमिक कन्या आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम परिसर में छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियॉ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आश्रम परिसर के सभी कमरों, स्टोर रूम, रसोई घर व शौचालय की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से उनकी दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आश्रम अधीक्षिका को निर्धारित मेनू अनुसार छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने, बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही भवन में यथा स्थानों में सीपेज की समस्या को शीघ्रता से मरम्मत कराने एवं अधूरे निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगमायुक्त कोरबा श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाईं उपस्थित थे।

# थानेदार के घर में घुसा सांप, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना परिसर में स्थित थाना प्रभारी के आवास में सांप घुसने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे कटघोरा के आरसीआरएस ग्रुप के स्नेक कैचर केशव जायसवाल ने कुछ देर की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सांप को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कटघोरा थाना परिसर में स्थित कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के आवास में परिजनों ने अंदर सांप देखा तो उन्होंने इसकी सूचना कटघोरा के आरसीआरएस ग्रुप के स्नेक कैचर केशव जायसवाल को दी। केशव जायसवाल ने परिसर स्थित थाना प्रभारी के आवास में पहुंचे और कमरों में सांप की तलाश की तो वह सामान के पीछे दुबका नजर आया। केशव जायसवाल ने जिस सांप को पकड़ा वह करीब 5 फीट लंबा धमना सांप था जो जहरीला तो नहीं होता लेकिन फुर्तीला होने की वजह से पकडऩा मुश्किल होता है। केशव ने रेस्क्यू किए गए सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



सांप का रेस्क्यू करते सर्पमित्र।

## दो बाइक में भिड़ंत, खाई में गिरने से युवक की मौत

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी प्रदीप राठिया 25 वर्ष किसी काम से धरमजयगढ़ हुआ था जहां से 16 जुलाई की रात को धरमजयगढ़ से वापस आ रहा था। इसी दौरान रात्रि 8 बजे के प्रदीप ने अपने परिजनों को फोन लगाकर घर आने की जानकारी दी थी जिसके कुछ देर बाद ही वह रजगामार चोकी के बताती के समीप पहुंचा था किसी दूसरे बाइक से प्रदीप की बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई ओर वह सीधे खाई में जा गिरा लेकिन कई घंटे बीतने पर भी वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हुए। यहां-वहां संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, ऐसे में उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पूरी रात कई प्रकार की आशंकाओं के भंवर में गोते लगाने के साथ यूं ही गुजर गई। बुधवार की सुबह 7 बजे मालूम चला कि बताती के पास एक खाईनुमा स्थान पर दो बाइक और एक शव मिला है। मौके पर पहुंचे किसी व्यक्ति ने मृतक की पहचान प्रदीप राठिया के रूप में की और उन्हें अवगत कराया। इसके बाद रजगामार चौकी पुलिस ने यहां पहुंचकर जायजा लिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## पार्सल बोगी को लीज में देने ई-निविदा की प्रकिया 31 को होगी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामानों को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी अथवा एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये छोटे बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों के 19 पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की गई है। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जानी थी जिसे तकनीकी कारणों से स्थगित करते हुए 31 जुलाई की सुबह 11.30 बजे किये जाने का निर्णय लिया गया है। अब इस ई-निविदा की प्रक्रिया 31 जुलाई की सुबह 11.30 बजे से होगी।

### आम सूचना

मैं पीताम्बर प्रसाद केशरवानी अधिवक्ता नवागढ़ अपने पक्षकार की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं, सर्वविदित हो कि ग्राम भोगहापारा पटवारी हल्का नंबर - 23 तहसील शिवरीनारायण अवस्थित भूमि खसरा नंबर 887/2 शामिल नंबर 889/2 रकबा 0.215 हे. (0.53 एकड़) अभिषेक गुप्ता, अरुण गुप्ता दोनों आ. प्रफुल्ल गुप्ता एवं श्रीमती पुष्पा गुप्ता बेवा प्रफुल्ल गुप्ता के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना 5,00,000/- पांच लाख रुपये चेक के माध्यम से विक्रेता पक्ष अभिषेक गुप्ता वगैरह ने प्राप्त कर एक विक्रय करार दिनांक- 20/07/2023 को मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित कर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित कराया है। विक्रेता पक्ष के द्वारा विक्रय करार के अनुसार उपरोक्त बिक्रीत भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र का निष्पादन कर करार के अनुसार मेरे पक्षकार अपने पक्ष में शीघ्र कराएगा।
अतः मैं सर्वसाधारण एवं खास व्यक्ति संस्था अथवा समूह को आगाह करता हूं कि उपरोक्त दर्ज भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन कर पंजीकृत सक्षम उप पंजीयक कार्यालय में किया जावेगा, जिस किसी खास व्यक्ति, संस्था अथवा समूह उपरोक्त दर्ज भूमि का विक्रय सौदा के अनुसा विक्रय पत्र के निष्पादन एवं पंजीयन में कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय अथवा निज निवास आशीर्वाद भवन नवागढ़ में आपत्ति दर्ज करावें, समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गयी आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जानें।
दिनांक : 18/07/2024

भवदीय
(पीताम्बर केशरवानी, अधिवक्ता)
निवास का पता आशीर्वाद भवन वार्ड नंबर 09
नवागढ़ केशरवानी मोहल्ला
तहसील - नवागढ़ जिलाः जांजगीर-चाम्पा छ.ग.
मो.नं. 9993728746

### कार्यालय ग्राम पंचायत चोरिया जनपद पंचायत बम्हनीडीह, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

क्र. / / तालाब पट्टा / ग्रा.पं. / 2024 चोरिया दिनांक.....

**विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत चोरिया, जनपद पंचायत बम्हनीडीह, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के सवसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चोरिया के निम्नांकित रिक्त तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:- (1) बेठीया तालाब खसरा नं. 332 रकबा 0.653 हे., (2) सरवानी डबरी खसरा नं. 600 रकबा 1.3 हे., (3) सझन डबरी खसरा नं. 546 रकबा 0.77हे. (4) पनखतिया तालाब खसरा 209 रकबा 1.50 हे. (5) चितवा तालाब खसरा नं. 326 रकबा 1.595 हे. (6) लोधिया तालाब खसरा नं. 979 रकबा 0.4860 हे.. (7) समलैया तालाब खसरा नं. 324 रकबा 2.849 हे., (8) रामसागर तालाब खसरा नं. 908 रकबा 0.902 हे., (9) पुरेनहा तालाब खसरा नं. 1269 रकबा 1.315 हे., (10) नक्टा तालाब खसरा नं. 311 रकबा 1.905 हे., (11) खरखटिया तालाब खसरा नं. 1414 रकबा 0.60 हे. (12) नावा तालाब खसरा नं. 162/2 रकबा 1.2 हे., (13) बंधवा तालाब खसरा नं. 963 रकबा 1.6270 हे., (14) डोंगीया तालाब खसरा नं. 226 रकबा 0.60 हे. (15) खरकार डबरी खसरा नं. 1268 रकबा 0.4620 हे., (16) झीलमीलीया डबरी खसरा 1368 रकबा 0.8780 हे, (17) भलुवाही तालाब खसरा नं. 569 रकबा 0.80 हे. (18) छोटे समलैया खसरा नं. 279 रकबा 1.1890, (19) भेजरा डबरी खसरा नं. 54 रकबा 0.5950 हे., (20) ननकी चितवा खसरा नं. 169 रकबा 0.18 हे., (21) झर्रा डबरी खसरा नं. 468 रकबा 0.848 हे. ( 22 ) नया तालाब खसरा नं. 162/1 रकबा 1.30 है.।
इच्छुक आवेदक (1) पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति (2) मछुआ व्यक्ति (3) स्व सहायता समूह/ मछुआ व्यक्तिगत आवेदक की पात्रता एवं तालाब आबंटन संबंधी शर्तों की जानकारी के लिए विस्तृत विज्ञप्ति का अवलोकन कर कार्यालय ग्राम पंचायत भवन चोरिया, जनपद पंचायत बम्हनीडीह, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) में दिनांक समय सायं 05 .00 बजे तक अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं अवधी में प्रस्तुत कर सकते हैं । उपरोक्त तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्तं आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।


सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत चोरिया जनपद पंचायत बम्हनीडीह
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR
ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12 th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



# ‘बजरंगी भाईजान’ के नौ साल पूरे निर्माताओं ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली।** ‘बजरंगी भाईजान’ 17 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने अपनी रिलीज को नौ साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म को बनाने वाली कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने बरजंगी भाईजान के कुछ पर्दे के पीछे दृश्य फैंस के साथ साझा किए। इसके साथ कैप्शन में लिखा, ‘हम बजरंगी भाईजान के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम आपको बजरंगी भाईजान के पर्दे के पीछे (बीटीएस) एक्शन से पहले और कट के बाद हुई पागलपन भरी मस्ती के पलों के साथ पुरानी यादों में ले चल रहे हैं।’ इस बीटीएस वीडियो में फिल्म के कलाकारों को मस्ती मजाक करते हुए देखा जा सकता है।

लाइफ Style

# दीपिका



## परोसी थाली दिखाकर दिए डाइटिंग टिप्स

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही हैं। रखना भी चाहिए, आखिर नई जिम्मेदारी जो निभानी है। दीपिका गर्भवती हैं और इन दिनों अपनी सेहत और खानपान का ध्यान रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी भरपूर समय बिता रही हैं और अपने फैंस को भी बीच-बीच में सलाह दे देती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका ने अपने फैंस को खानपान संबंधी कुछ टिप्स दिए हैं और साथ ही संतुलित आहार का महत्व बताती दिखी हैं। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर खाने के कुछ आइटम्स की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें समोसा है, मिठाई है, केक और आइसक्रीम जैसी चीजें भी हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, ‘क्या आप मेरे फीड पर यह देखकर हैरान हैं? खैर, मैं ये सब खाती हूं! और मैं अच्छे से खाती हूं! जो कोई भी मुझे जानता है, उससे पूछिए। इसलिए आप जो कुछ भी सुनते या पढ़ते हैं, उस पर विश्वास न करें’। दीपिका ने आगे लिखा, ‘लेकिन इसकी ट्रिक क्या है? बैलेंस, स्थिरता और अपने शरीर की सुनना। ऐसा लगता है कि ‘डाइट’शब्द को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं। हम अक्सर मानते हैं कि ‘डाइट’का मतलब है भूखा रहना, कम खाना और वो सब खाना जिनसे हमें नफरत है। लेकिन, ‘डाइट’का मतलब हकीकत में यह है कि कोई व्यक्ति जो भी खाना और पेय पर्दार्थ लेता है। यह शब्द वास्तव में ग्रीक शब्द ‘डायटा’ से आया है, जिसका अर्थ है ‘जीवन जीने का तरीका’। दीपिका ने आगे लिखा, ‘जहां तक मुझे याद है, मैंने हमेशा ‘संतुलित आहार’का पालन किया है। और यह मेरे लिए ‘जीवन जीने का एक तरीका’ है। मैंने कभी भी ऐसा आहार नहीं अपनाया है, जिसका मैं लगातार पालन न कर सकूं या जो एक सनक बन जाए।

हॉलीवुड मसाला



# फिल्म क्वार्टर की योजना का अनावरण

**लंदन।** कैमडेन फिल्म क्वार्टर नामक विकास परियोजना के तहत लंदन में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो बनाने की योजना का अनावरण किया गया है। लंदन बरो ऑफ कैमडेन के केंटिश टाउन में साउंडस्टेज, नेशनल फिल्म एंड टीवी स्कूल कैंपस, और घरों और कार्यस्थलों की योजना है। कैमडेन फिल्म क्वार्टर एक ऐसी जगह होगी, जिसमें सुविधाएं, आवास और सार्वजनिक स्थान होंगे। इसमें फिल्म और टीवी मुख्य होंगे। साथ ही इंडस्ट्री के लिए कई स्टूडियो और स्थान होंगे।



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 शो में हुई नए कलाकारों की एंट्री

**लॉस एंजिलिस।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स के आगामी पांचवें सीजन को लेकर एक नया ऐलान किया है। दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से पांचवें सीजन के लिए तीन और कलाकारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। साथ ही, नेटफ्लिक्स ने शो के पर्दे के पीछे के वीडियो के जरिए इन तीनों कलाकारों और लिंडा हैमिल्टन की झलक भी साझा की है। पांचवें सीजन की लगभग आधी शूटिंग खत्म हो चुकी है। जारी किए गए वीडियो में सीजन 4 के फिनाले में हुई भयावह घटना के बाद के कुछ सुराग दिए गए हैं। वीडियो में हॉकिन्स हाई स्कूल जिसमें, शो के मुख्य किरदार पढ़ते हैं, वह काफी हद तक बरकरार दिख रहा है।



# ये सात फिल्में कर दी थीं रिजेक्ट

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं।। वहीं इन दिनों वह प्रेग्नेंसी रुमर्स के चलते सुर्खियों में हैं। लेकिन फिल्मी करियर की बात करें तो वह उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी। इनमें नमस्ते लंदन से लेकर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और एक था टाइगर जैसी फिल्में हैं। 17 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्में रिजेक्ट कीं। लेकिन सात ऐसी फिल्में, जिन्हें रिजेक्ट ना करती तो कटरीना कैफ का रुतबा कुछ अलग ही था। इस लिस्ट में 300 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस, दूसरी फिल्म बर्फी, तीसरी फिल्म रामलीला, चौथी फिल्म ये जवानी है दीवानी, पांचवी फिल्म बाजीराव मस्तानी, छठी फिल्म गुंडे, सातवीं फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड है, जिसमें श्रद्धा कपूर औऱ अर्जुन कपूर लीड रोल में थे। लेकिन इससे पहले कटरीना कैफ को फिल्म ऑफर हुई थी।



# राघव जुयाल की विलेनगिरी ने जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** कल्कि 2898एडी को टक्कर देने 12 दिन पहले यानी 5 जुलाई को किल रिलीज हुई थी। एक्शन थ्रिलर मूवी में डेब्यू कर रहे एक्टर लक्ष्य और राघव जुयाल नजर आ रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं राघव जुयाल को बॉलीवुड फिल्में और डांस रियलिटी शोज में कॉमेडी को लेकर काफी फेमस हैं। वह किल में विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने रीमेक को लेकर अपडेट दिया और निखिल नागेश भट निर्देशित फिल्म ‘किल’ के भारतीय रीमेक के बारे में चल रही अटकलों को साफ किया है। धर्मा प्रोडक्शन ने स्टेटमेंट ने जारी करते हुए लिखा, ‘हमारी फिल्म किल के रीमेक को लेकर हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए हम पुष्टि करते हैं कि केवल अंग्रेजी भाषा के रीमेक के अधिकार बेचे गए हैं।

टीवी मसाला



# ‘तारक मेहता...’ में फिर टूटी पोपटलाल की सगाई

नई दिल्ली। ‘तारक मेहता’ में हाल ही पोपटलाल की शादी फिर से कैंसिल हो गई, जिससे फैंस निराश हो गए। पोपटलाल की मधुबाला से सगाई हो रही थी पर थैलेसीमिया के कारण उनकी शादी तोड़नी पड़ी। असित मोदी ने इस पर रिएक्ट किया और बताया कि पोपटलाल की शादी क्यों कैंसिल करनी पड़ी। ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ के लेटेस्ट एपिसोड में दर्शकों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब पोपटलाल और मधुबाला की सगाई टूट गई। दर्शक लंबे वक्त से पोपटलाल की शादी का इंतजार कर रहे थे। डॉ. हाथी ने बताया कि पोपटलाल और मधुबाला में थैलेसीमिया के लक्षण हैं। यह एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन का स्तर काफी घट जाता है, जो आगे चलकर घातक साबित हो सकता है। इससे दर्शकों का दिल टूट गया था। फैंस को इस बात से झटका लगा कि पोपटलाल की शादी होते-होते रह गई। अब शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने इस बारे में बात की है। उन्हें पता है कि दर्शक ‘तारक मेहता’ में पोपटलाल की शादी न होने से कितने निराश हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक शो की कहानी पर फोकस करें और देखें कि किस तरह थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है।

# लड़की के चक्कर में हुई थी अदनान शेख की पिटाई?

**नई दिल्ली।** ‘बिग बॉस ओटीटी 3’ के पहले वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में अदनान शेख की एंट्री हुई है। अदनान के घर में आने से हलचल और ज्यादा बढ़ गई है। जहां कुछ नई गतिशीलताएं बन रही हैं तो कुछ पुरानी गतिशीलताएं थोड़ी अस्थिर प्रतीत हो रही हैं। लेटेस्ट एपिसोड में अरमान मलिक अपनी पत्नी कृतिका मलिक से अदनान शेख के बारे में बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसे जानकर दर्शक भी दंग रह गए हैं। बातचीत में अरमान, कृतिका के सामने यह खुलासा करते नजर आए कि कुछ साल पहले अदनान की भीड़ ने पिटाई कर दी थी। अरमान ने खुलासा किया, ‘फैजू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम सब में से सबसे ज्यादा गुस्से वाला ये है। खाक गुस्से वाला है, कुछ लोगों ने एक बार इसे घेर कर बहुत मारा था रोड पे।’ जब कृतिका ने इसके पीछे का कारण पूछा, तो अरमान ने कहा, ‘लड़की के चक्कर में मार खाई थी इसने।’ कृतिका तब हैरान रह गईं ।



# जया के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आए अमिताभ

मुंबई। अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आ रहे हैं। फैंस अमिताभ के इस जेस्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं, पर उन्हें जया का रवैया पसंद नहीं आ रहा है। कुछ यूजर्स ने तो इस पर सवाल भी करने शुरू कर दिए। 81 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के सिर पर छाता पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ में लिखा है, ‘हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक कि सेट पर काम पर भी।’ तस्वीर में जया हाथ में लड्डू पकड़े हैं और चेहरे पर उदासी नजर आ रही है।’ इस तस्वीर पर जहां फैंस ने प्यार लुटाया और अमिताभ बच्चन की तारीफ की, वहीं यूजर्स को जया बच्चन का ऐसा अंदाज रास नहीं आया। यूजर्स ने सवाल किया कि जया हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं? वह इस तस्वीर में गुस्से में क्यों हैं? एक यूजर ने कमेंट किया, ‘मैडमजी हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं?’ एक और यूजर ने लिखा है, ‘जीरो से लेकर शोहरत के चरम तक, हर पुरुष की यही हालत है।’



# फिल्मों में नहीं करेंगी काम



**नई दिल्ली।** इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से दूर रह रही हैं। खास तौर पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें अच्छी परवरिश देने के लिए इलियाना ने काम से ब्रेक के बारे में सोचा। इलियाना एक मां के रूप में अपनी जिंदगी के नए फेज को अपना रही हैं और सही समय आने तक लाइमलाइट से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (एएमए) सेशन के दौरान यह खुलासा किया. पिछले साल अगस्त में अपने पार्टनर माइकल डोलन के साथ एक बेटे की मां बनीं इलियाना फिलहाल अपने करियर से ज्यादा अपने परिवार को प्रायोरिटी दे रही हैं। हाल ही में एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने उनसे फिल्मों में वापसी के बारे में पूछा। इलियाना ने जवाब दिया, ‘जब सही समय आएगा तब आप मुझे फिल्मों में देख पाएंगे, फिलहाल मैं अपने बेटे को अपना समय देना चाहती हूं।’ उन्होंने अपनी नींद के शेड्यूल के बारे में भी अपडेट शेयर किया। बताया कि अब जबकि वह एक फुलटाइम मॉम हैं। ‘बर्फी’ एक्ट्रेस ने एक फैन के कहने पर अपने पति माइकल के साथ एक फोटो भी शेयर की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, ‘प्री-बेबी बेबीज।’

# रानी चटर्जी ने मरून कुर्ते में किया कमाल का डांस



**नई दिल्ली।** बड़की बहू छोटकी बहू की एक्ट्रेस रानी चटर्जी की चर्चा इन दिनों हर ओर है। उनकी भोजपुरी फिल्म बड़की बहू छोटकी बहू यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीत रही है। उनकी अगली फिल्म दीदी नंबर वन का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मरून कुर्ते में किसी मनोहर पार्क या फिर सेट पर नहीं बल्कि टूटी फूटी बालकनी में डांस कर रही हैं। इस वीडियो में भोजपुरी क्वीन का डांस बहुत ही कमाल का है और फैन्स के भी काफी मजेदार कमेंट आ रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो हिंदी गाने बदमाश दिल तो ठग है बड़ा गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने एक सिंपल सा मरून कुर्ता पहना हुआ है। बाल भी पीछे की तरफ बहुत सिंपल तरह से टाई किए गए हैं। मेकअप और दूसरी एसेसरीज भी ना के बराबर हैं। लेकिन रानी चटर्जी ने सारा कमाल अपने एक्सप्रेशन और अपने डांस से किया है। गाने की शुरुआत में वो मुंडेर पर हाथ रख कर स्माइल करते हुए गाने के साथ लिप सिंक करती हैं।

# इन अभिनेत्रियों का अभिनय देख दर्शकों ने पीटा माथा

## ओवरएक्टिंग के हर पायदान पर आईं अव्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड हसीनाओं के लाखों-करोड़ों में चाहने वाले होते हैं। इनके फैंस इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं। कई लड़कियां इन अभिनेत्रियों के स्टाइल को भी कॉपी करना पसंद करती हैं। ये हसीनाएं फिल्मों में अपने किरदार को रियल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। इसके बावजूद भी कई बार फैंस इनके अभिनय को ओवरएक्टिंग का टैग दे देते हैं। इंडस्ट्री में कई मशहूर अभिनेत्रियां, जिनकी एक्टिंग देखकर दर्शकों ने अपना माथा पीट लिया है। इसके चलते कई बार ये ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं।



### सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का नाम इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है। सारा ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। सारा को भी उनके अभिनय प्रदर्शन के लिए कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आना पड़ गया है। यूजर्स सारा को ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।

### करीना कपूर खान

बॉलीवुड में बेबो के नाम से मशहूर करीना कपूर खान की फिल्मों के लोग दीवाने हैं। अपनी शानदार अदाकरी से करीना फैंस के दिलों पर राज करती हैं। हाल में करीना क्रू में नजर आई थीं। मगर दर्शकों ने करीना की भी कई फिल्मों में उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग करार दिया है।





### अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपने अभिनय प्रदर्शन को लेकर कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेटीजन्स उनकी एक्टिंग को ओवरएक्टिंग का बता चुके हैं। वह आखिरी बार फिल्म खो गये हम कहां में नजर आई थीं।



### जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। जान्हवी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। अभिनेत्री के फैशन और उनके स्टाइल के लोग दीवाने हैं। मगर अभिनय के में जान्हवी भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी कई फिल्मों में दर्शकों ने उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग बताया है।

### तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। तारा ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। अभिनेत्री की तस्वीरें और स्टाइल फैंस को काफी पसंद आता है। तारा सुतारिया की एक्टिंग के मामले में कई दर्शक ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### शिविर का आयोजन कर किसानों का किया गया फसल बीमा



**नवागढ़।** नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम ठकुरदिया में शिविर आयोजन कर किसानों को सीएससी सेंटर ले जाकर प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि एवं किसानों का फसल बीमा किया गया। साथ ही पी. एम. किसान सम्माननिधि ई केवायसी पूर्ण किया गया। वहीं 3 किसानों का डीबीटी खाता खोला गया और 3 किसानों का लेंड शिंडिंग किया गया। सीएससी सेंटर नवागढ़ में उप संचालक कृषि आर एन . गांगे उपस्थित हुए एवं अधिक से अधिक कृषकों का फसल बीमा एवं ईकेवायसी करने हेतु मार्गदर्शन दिए। टी.आर . चौकसे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नवागढ़ द्वारा ईकेवायसी, डीबीटी एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा का कार्य जारी है।

### श्री राम जानकी मंदिर के सामने तालाब किनारे हुआ पौधरोपण

**बाराद्वार।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत नगर के श्री राम जानकी मंदिर के सामने वृहद



वृक्षारोपण जिला सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गोपाल जोशी द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। श्री जोशी ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में 50 पौधों का रोपण किया गया है। पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत बाराद्वार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी लक्ष्मण देहारी, पार्षद अजय सिंह राजपूत, वार्डवासी भोला महराज, अभिषेक सिंह, भूपेंद्र सिंह,नमन गुड्डू महराज सहित अन्य लोग शामिल थे।

### एम.एल.बी. हाईस्कूल के छात्र रोहन का नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ चयन

**मल्दा।** एम.एल.बी. हायर सेकेण्डरी स्कूल मल्दा के छात्र रोहन सिदार पिता जवाहिर सिदार का



चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ है। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। रोहन के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### साफ-सफाई नहीं होने से गंदे शौचालय का उपयोग करने शिक्षक व विद्यार्थी मजबूर



**सक्ती।** ग्राम पंचायत सकरेली (बा.) में संचालित शासकीय हाई स्कूल का शौचालय की साफ सफाई नहीं होने से स्कूली छात्र एवं शिक्षक गन्दे एवं दुर्गंध से भरे हुए शौचालय का उपयोग करने पर मजबूर है। एक तरफ जहां सभी ओर डायरिया फैला हुआ है और सभी लोगो को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा जा रहा है वहीं दूसरी ओर शासकीय हाईस्कूल का शौचालय इतना गन्दा है कि यहां से बहुत तेज दुर्गंध भी आ रहा है। ऐसा लगता है कि वर्षों से यहां शौचालय की सफाई नहीं हुई है। स्कूल के छात्र सहित शिक्षक गंदे एवं दुर्गंध से भरे हुए शौचालय का उपयोग करने मजबूर है। स्कूल में पदस्थ स्वीपर द्वारा अपने कर्तव्य का सही निर्वहन नही किया जा रहा है, जिसके कारण शौचालय की साफ सफाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**फगुरम।** सरस्वती शिशु मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय भांटा में हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में आंवला, अशोक,अर्जुन, गुलमोहर,जामुन, नीबू, बादाम, मुनगा, शमी सहित फलदार तथा छायादार 50 पौधों का रोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। हुमाना पीपल टु पीपल से चंद्रपाल गवेल द्वारा पर्यावरण सुरक्षा तथा पर्यावरण पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव को सभी बच्चों के सामने विस्तार से रखा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव संतोष डनसेना ने छात्र-छात्राओं को वृक्ष के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय की आचार्या श्रीमती केवंरा यादव, नवल किशोर यादव के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे शामिल हुए जिन्होंने स्कूल में पौधरोपण कर समाज को संदेश दिया।

# सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में चांपा नगर पालिका दूसरे स्थान पर

**शहरी गरीबों को सशक्त बनाने राष्ट्रीय स्तर पर मिला अवार्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

50 हजार की आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में नगर पालिका चांपा को दूसरा स्थान मिला है। इसके लिए चांपा नगर पालिका को राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त हुआ है। दरअसल यह पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और आजीविका के अवसर बढ़ाने अच्छे कार्यो के लिए प्रदान किया गया है।

गौरतलब है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत बेहतर कार्य करने वाले नगरीय निकायों का आंकलन पिछले दिनों किया गया था। इसके आधार पर इस क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए जांजगीर चांपा जिले को नगर पालिका परिषद चांपा को चयनित किया गया है। चांपा नगर पालिका 50 हजार की आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में वर्ष 2023-24 के सर्वे में दूसरे स्थान पर है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें नगर पालिका परिषद चांपा को 50 हजार तक आबादी



वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया है। उच्चाधिकारियों से जानकारी मिलने के साथ ही दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में पुरस्कार प्रदान करने यहां के अफसरों को आमंत्रित किया गया। जिस पर जिले के सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं चांपा नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर दिल्ली रवाना हुए और राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होकर यह पुरस्कार प्राप्त किया है। चांपा नगर पालिका को राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क अवार्ड मिलने पर जिला प्रशासन के अफसरों ने नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्पार्क-2023-24 पुरस्कार के लिए चांपा नगरीय निकाय का नाम चयनित होना जिले के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में बेहतरीन कार्यों के लिए ये पुरस्कार दिया गया है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में जिले से सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओ भोला सिंह ठाकुर ने यह स्पार्क अवार्ड प्राप्त किया।

नगरपालिका व राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

# नैला में चला डोजर, सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



तोड़ा गया निर्माणाधीन मकान।



मौके पर मौजूद पुलिस व अफसरों की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में किए गए अतिक्रमण पर नगरपालिका व राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई की। बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नैला भाठापारा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए जा रहे दो मकानों के साथ ही आधा दर्जन से अधिक स्थानों से बेजाकब्जा हटाया गया।

सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई शुरु कर दी है। जांजगीर-नैला नगरपालिका व राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार 18 जुलाई को नैला भाठापारा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में हाईस्कूल भाठापारा नैला के पास अतिक्रमण कर बनाए जा रहे दो मकानों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। इसी तरह आसपास आधा दर्जन स्थानों पर सरकारी जमीन में कब्जा कर बनाए गए बाउण्ड्रीवाल व नींव को भी बुलडोजर की मदद से तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगरपालिका सीएमओ प्रहलाद पांडेय, नायब तहसीलदार प्रशांत पटेल के साथ ही नगरपालिका व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की। इस दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

# डिपाजिट जमा नहीं होने से अटका नवीन कॉलेज भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा



शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन के लिए नाबार्ड में डीपाजिट राशि जमा नहीं होने के कारण काम अटक गया है। डिपाजिट के फेर में नवीन कॉलेज भवन निर्माण का टेण्डर जारी होने में विलंब हो रहा है। पिछले तीन सालों से नवीन शासकीय महाविद्यालय किराए की भवन में अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा है।

- बिर्रा में तीन साल से किराए की भवन में महाविद्यालय संचालित

बम्हनीडीह विकासखण्ड के सबसे बड़े पंचायत बिर्रा में तीन हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के बावजूद भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए यहां के छात्रों को चाम्पा, हसौद, खरौद, जाजंगीर, बिलासपुर जाना पड़ता था। इस कारण गरीब परिवार के बच्चे कॉलेज की पढ़ाई नहीं कर पाते थे। सरपंच प्रतिनिधि गोपीचंद कर्ष ने अनुसुचित जाति आयोग प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा के लगातार प्रयास से तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की। तीन साल से नवीन महाविद्यालय की स्थापना होने के बाद भी खुद का भवन नहीं बन सका है। हायर सेकेण्डरी स्कूल के भवन में कॉलेज का संचालन हो रहा है। नवीन महाविद्यालय भवन के लिए पंचायत ने जमीन भी एलाट किया था। तत्कालीन पंचायत द्वारा जमीन का नक्शा उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण कालेज के लिए जमीन पेचीदा हो गया और आज जमीन हायर सेकेण्डरी के पीछे उपलब्ध कराया गया था। राजस्व विभाग ने नक्शा जमीन भी एलाट किया गया। नवीन महाविद्यालय भवन के लिए 4करोड़ 62लाख रू की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं कराने के कारण लोकनिर्माण विभाग टेंडर नहीं जारी कर रहा है। ऐसे में कॉलेज भवन के निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं**

नवीन महाविद्यालय भवन बिर्रा में उच्च शिक्षा विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, लेकिन नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं होने पर निविदा प्रक्रिया में विलंब हो रहा है।

**-के.के. सरल,** एसडीओ
लोक निर्माण विभाग चाम्पा




### शासकीय हाई स्कूल पुछेली में 30 छात्राओं को साइकिल वितरित

तालदेवरी। बम्हनीडीह विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पुछेली में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 30 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल मिलने से बच्चियों के चेहरे खिल उठे। वितरण समारोह में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश नवोदयवाला ने कहा कि इस योजना से मिलने वाली साइकिल से अब बेटियां आसानी से स्कूल पहुंच सकती हैं। पहले कई बेटियां स्कूल दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थी, लेकिन इस योजना से ऐसी बेटियां फिर से स्कूल की तरफ आने लगी हैं। ये समाज व बेटियों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। ग्राम सरपंच बेदिन बाई चौहान ने कहा कि कोई भी बालिका साधन के अभाव में पढ़ाई से वंचित न हो, इसके लिए शासन ने यह योजना लागू की है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद लोकेश नवोदयवाला,बीडीसी रामेश्वर कंवर ,सरपंच बेदीन बाई, जन्मे जय कंवर, छबीलाल प्रभारी प्राचार्या मानसर, व्याख्याता साहू मैडम एवं श्री जायसवाल, विकेट सिंह सहित ईको क्लब पुछेली के सदस्य मौजूद रहे।

# पशुओं को संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए लगाया गया टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

जिले के जैविक कृषि ग्राम बहेराडीह में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालक किसानों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। वहीं दूसरी तरफ बरसात के समय में मवेशियों को होने वाले संक्रामक बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से मवेशियों की टीकाकरण किया गया।

- बहेराडीह में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजित, पशुपालकों को निःशुल्क दवाई का किया वितरण

शिविर में पशुधन विकास विभाग के चलित वाहन भी पहुंची, जहां चिकित्सको की टीम ने बरसात के समय में मवेशियों को होने वाली जानलेवा और संक्रामक बीमारी गलघोंटू के लक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमन्दा मुख्यालय के पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ गगनदीप महिलांगे ने बताया कि बरसात के समय में मवेशियों को अक्सर गलघोंटू नामक बीमारी होती है जो बहुत ही खतरनाक बीमारी के साथ साथ संक्रामक और जानलेवा होती है। मवेशियों को इस तरह की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर प्रत्येक गांव में शिविर आयोजित किया जा रहा है और मवेशियों को टीका लगाया जा रहा है। इस दौरान पशुपालक किसानों को दवाई भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने पशुपालक किसानों को बताया कि पशुपालन करने वाले किसान भाइयों को इस समय सचेत रहने की जरूरत है। चूंकि बरसात में बैक्टीरिया अधिक मात्रा में पनपने लगती है। इसलिए पशु के रख रखाव, खानपान पर विशेष रूप से ध्यान रखने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पशुधन को बढ़ावा देने हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। चलित पशु चिकित्सा वाहन भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तैनात किया गया है। शिविर में पशुपालन में राज्य स्तरीय कृषक पुरस्कार से सम्मानित युवा कृषक वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव,पशुधन विकास विभाग के क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गगनदीप महिलांगे समेत पशु परिचारक रामू लाल भैना, प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता सुनील सोनन्त, गौसेवक कृष्णों कश्यप, पशुपालक राजाराम यादव, नेतराम यादव, सुजीत कश्यप व अन्य कृषक उपस्थित रहे।



पशु चिकित्सा शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं अन्य।

# कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण पुलिस ने 10.95 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना स्तर से टीम गठित किया गया है। 17 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला की शिवरीनारायण के वार्ड नं 01 निवासी राजाराम शिकारी अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु अपने मोटर सायकल में ले जा रहा है। सूचना पर रेड की कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उसे पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 1 नग प्लास्टिक बोरी में 73 नग पालीथीन पाउच में भरा प्रत्येक पाउच में 150-150 एमएल भरी हुई (10.95 लीटर ) कच्ची महुआ शराब जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 303/ 24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर 17 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, प्रधान आरक्षक किशोर दीवान, आरक्षक महेंद्र राज, श्रीकांत सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



**पांच दिवसीय प्रशिक्षण में 50 प्राथमिक शाला के शिक्षक हो रहे शमिल**

# शिक्षकों को दी जा रही स्कोपन इंग्लिश की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर तथा राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड सक्ती के 50 प्राथमिक शालाओं के अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों का स्पोकन इंग्लिश अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण 18 से 22 जुलाई तक सामुदायिक भवन पोरथा में शुरू किया गया है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शैलेश देवांगन, हुलेश साहू, कृष्णा साहू, अशोक राठौड़ के द्वारा सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से तथा अलग-अलग प्रविधियां के द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति पैदा हो रहे डर को दूर करना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष करना है। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी में बात करने की अनुमति नहीं होगी, किसी भी प्रकार के विचार तथा प्रश्न को अंग्रेजी में ही पूछ कर व्यक्त किया जा सकेगा। प्रशिक्षण का संचालन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि में बीईओ केपी राठौर राठौर के द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए है। उल्लेखनीय है कि राज्य की शासकीय शालाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन तो किया जाता था परंतु स्पोकन इंग्लिश पर इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थियों के उत्साह तथा लगन को देखते हुए उम्मीद है कि आगामी दिवसों में सक्ती विकासखंड की शालाओं में अंग्रेजी विषय की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का यह तीसरा चरण है।



ट्रेनिंग में शामिल शिक्षक-शिक्षिका।

# स्टील मेटल एन्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

स्टील मेटल एन्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्मेफी) छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी का गठन अकलतरा में छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एचएमएस) यूनियन के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी का गठन स्मेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एच एस मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्षो का होगा।

- सर्वसम्मति से विश्वनाथ बने प्रदेशाध्यक्ष व एचएस मिश्रा को महासचिव की जिम्मेदारी

स्टील मेटल एन्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्मेफी) संबद्ध हिन्द मजदूर सभा एवं इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल (जिनेवा) छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से वरिष्ठ श्रमिक नेता विश्वनाथ प्रसाद साहू एवं महासचिव के लिए वरिष्ठ श्रमिक नेता एच एस मिश्रा को चुना गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों से आये श्रमिक नेताओं ने अध्यक्ष एवं महासचिव को कार्यकारिणी गठन का पूर्ण अधिकार दिया, उनके द्वारा 1 सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर राष्ट्रीय नेतृत्व को सम्पूर्ण जानकारी भेजी जाएगी। बैठक में भिलाई श्रमिक सभा से एच एस मिश्रा, देवेंद्र कुमार




सिंह, नवीन कुमार सिंह, जी जोगेंदर राव, जे के गहिने, अशोक पंडा, टॉप वर्थ स्टील नियमित कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक संघ से पंकज शर्मा, मुकुंद पांडेय, इकबाल सिंह, त्रिलोक मिश्रा, बालको से आदित्यनारायण पित्ता, विवेकानंद साहू, प्रदीप गुप्ता,धर्मेंद्र देवांगन संतोष कुमार प्रजापति, हेमंत कुमार सोनी, लखन लाल सहिस, डेमेश कुमार साहू, नारायण वर्मा, डी वीं सिंह, जगदलपुर से गीता मिश्रा एवं गिरी, छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एचएमएस) से विश्वनाथ प्रसाद साहू, शेरसिंह रॉय बलराम गोस्वामी, दाऊलाल लहरे, लोभन साहू, महेश साहू, बलराम जगत, महेश साहू, मुकेश दुबे आदि बैठक में शामिल थे।